जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार

प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स : +91-612-250 4960, ईमेल :: info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

पत्रांक : BRLPS/Proj-ID/1295/18/261 दिनांक : 27.04.18

कार्यालय आदेश

ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में आदेश संख्या– 140 दिनांक 12.04.2018 द्वारा कार्यालय आदेश निर्गत किया गया गया है। जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में निम्नानुसार निर्णय लिए गए है :–

जिला स्तर पर होने वाली गतिविधियॉं :–

1. **ग्राम शक्ति अभियान**
2. **गतिविधि :–**
   - जिला स्तर पर 28.04.2018 को ग्राम शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
   - जिला परियोजना प्रबंधक जिला पदाधिकारी से समन्वय कर जिला सभागार/सरकारी भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन करायेंगे।
   - उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संसाधन सेवी, संकुल स्तरीय संघ के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा अनुभवों को साझा किया जायेगा।
   - PMKVY/DDU-GKY/RSETI/MUDRA के अंतर्गत लाभान्वित/ जुड़े हुए सदस्यों द्वारा अनुभवों को साझा किया जायेगा ।
   - जिला परियोजना प्रबंधक इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त/पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों को आमंत्रित करेंगे।
   - जिला परियोजना प्रबंधक, जिला स्तर पर 3–4 सदस्यों की एक समिति बनाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 समूहों और 3 ग्राम संगठनों का चयन करेंगे जिन्हे ग्राम शक्ति अभियान कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।
   - 02 से 5 मई तक DDU-GKY एवं RSETI सेंटर / PIA द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी जिसमें युवाओं के प्रशिक्षण–सह–नियोजन हेतु प्रचार प्रसार, युवाओं के पंजीकरण एवं अभ्यर्थियों को नियोक्ताओं से जोड़ने पर बल दिया जाएगा।
   - 5 मई को DDU-GKY एवं RSETI सेंटर / PIA द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र एवं नियोजन पत्र वितरित किए जाऍंगे।
   - 5 मई को DDU-GKY एवं RSETI सेंटर / PIA द्वारा प्रशिक्षण हेतु युवाओं के नए बैच का शुभारम्भ किया जाएगा।

प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली गतिविधियाँ :–

प्रखंड स्तर पर 5 मई 2018 को माननीय प्रधानमंत्री का अभिभाषण संकुल स्तरीय संघों/ग्राम संगठनों को दिखाया जाना है। इसके लिए प्रोजेक्टर /टी0 वी0 की व्यवस्था सम्बंधित ग्राम संगठनों /संकुल स्तरीय संघों/ प्रखंड परियोजना कियान्वयन इकाई द्वारा की जायेगी।

जिला एवं प्रखंड स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में उपयोग होने वाले IEC सामग्री में जीविका, बिहार सरकार एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के LOGO का उपयोग किया जाएगा।

जिला स्तर पर होने वाले पुरस्कार कार्यक्रमों के लिए प्रति जिला 10000/-(दस हजार रूपये) की राशि स्वीकृत की गयी है जो NRLM-Institution Building and Capacity Building मद से व्यय की जाएगी।

दस्तावेजीकरण (Documentation) – प्रबंधक-संचार ,जिला एवं प्रखंड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों का दस्तावेजीकरण कर प्रतिवेदन, वीडियो और ऑडियो के सी.डी. राज्य कार्यालय को समर्पित करेंगे ।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के आदेशानुसार

27/4/2018

(विशेष कार्य पदाधिकारी)

प्रतिलिपि :– 1. सभी सम्बंधित पदाधिकारी– राज्य कार्यालय
2. सभी सम्बंधित पदाधिकारी– जिला कार्यालय
3. सभी सम्बंधित पदाधिकारी–प्रखंड कार्यालय
4. आईटी शाखा को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।